लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2919

12 मार्च, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

भोपाल टेक्सटाइलल मिल

2919. साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुरः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार भोपाल में भोपाल टेक्सटाइल मिल के प्रचालन को पुन: शुरू करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार का विचार भोपाल सहित मध्य प्रदेश में एक टेक्सटाइल हब का निर्माण करने का है एवं यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) और (ख): मार्च 2020 में राष्ट्रीय लाकडाउन योजना के तहत कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के उपाय के रूप में लाकडाउन लागू करने के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय वस्त्र निगम (एनटीसी) लिमिटेड की 23 कार्यशील मिलों की विनिर्माण गतिविधियों को रोक दिया गया था। वर्तमान में, एनटीसी की मिलों का प्रचालन चरणबद्ध रूप से आरंभ कर दिया गया है। पुन: खोले जाने के लिए चुनी गई मिले वे मिलें हैं जिनसे उनकी निहित क्षमता के कारण पर्याप्त सकारात्मक राशि सृजित होने की संभावना है। बाजार मांग तथा वित्तीय कठिनाईयों पर विचार करते हुए न्यू भोपाल टेक्सटाइल मिल्स, भोपाल की गतिविधियां फिलहाल रोक दी गई हैं।

(ग): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

***